लखनऊ, कानपुर और दिल्ली से प्रकाशित

प्रकाशन का 73वां वर्ष

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ
सोमवार, 19 अगस्त 2019 ई.
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष 4
सं. 2076 वि.

e-paper : swatantrabharat.net

वर्ष 73 | अंक 04 | नगर संस्करण | पृष्ठ 12 | मूल्य 3.00 रुपये

यत्र-तत्र

गड़बड़िया सुलझाओ वरना लोगों से कहूंगा धुलाई करो : गडकरी





# सफलता के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण : प्रो. मेहरूख मिर्जा




लखनऊ। नवागंतुक बी.टेक, एम.बी.ए एवं अन्य स्नातक पाठ्यक्रम के छात्रों का दो दिवसीय ओरियन्टेशन प्रोग्राम स्कूल ऑफमैनेजमेंट साईंसेज में सम्पन्न हुआ। आगन्तुकों का स्वागत एस0एम0एस0 के सचिव शरद सिंह ने किया एवं समूह की उपलब्धियों तथा आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया। साथ ही संस्थान के निदेशक डा0 मनोज मेहरोत्रा ने संस्थान के स्थापना वर्ष से अब तक की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र को मन लगा कर शिक्षा अर्जित करने पर बल दिया गया जिससे वे जो भी सपना लेकर इस संस्थान में आये हैं उन्हें पूरा कर सकें। संस्थान के डायरेक्टर जनरल (तकनीकी) डॉ0 बी0आर0 सिंह ने नवागन्तुक छात्र-छात्राओं तथा अतिथिगणों को सम्बोधित करते हुए बताया कि यदि तल्लीनता से किसी क्षेत्रविशेष में शोधकार्य कार्य किये जायें तो अवश्य ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र छात्राओं को शोध एवं नवोन्मेष कार्य में सम्मिलित होना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 मेहरूख मिर्जा, कुलपति, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी, फारसी यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने अपने सारगर्भित भाषण में शिक्षा को अपने जीवन में उतारने का सुझाव दिया साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि छात्र शिक्षा के महत्व को समझ कर सफलता के चरम तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने एस0एम0एस0 लखनऊ की शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता की भूरि- भूरि प्रशंसा की एवं शिक्षा, शोध अनुप्रयोग एवं शिक्षा के वैश्वीकरण की महत्ता बताई।